the implementation of these provisions in the past. These matters are being discussed between the managements and the unions in the JBCCI.

American Business Interests in India

848. DR. BAPU KALDATE: Will the Minister of COMMERCE be pleased to state:

(a) whether it is a fact that America's business interest in India is growing; and

(b) what are the troublesome issues identified which are putting pressures for not widening the depth of the commercial relationship further between the two countries?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF COMMERCE (SHRI P. CHIDAMBARAM): (a) Yes, Sir.

(b) Various issues which need to be addressed in the context of growing commercial relations are discussed bilaterally as well as multilaterally but such issues are not expected to come in the way of increasing commercial relations between India and USA.

कजाकिस्तान के साथ व्यापारिक संबंध सुदृढ़ करना

849. **श्री प्रमोद महाजन**:

श्री गोविन्दराव आदिक:

क्या वाणिज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार द्वारा कजाकिस्तान के साथ व्यापारिक संबंध सुदृढ़ करने के लिए अब तक क्या प्रयास किए गए हैं;

(ख) क्या यह सच हैं कि ऐसे कई क्षेत्र हैं जिनमें दोनों देशों के बीच व्यापार बढ़ाया जा सकता हैं;

(ग) यदि हां,तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या हैं;

(घ) क्या सरकार द्वारा उस देश के साथ व्यापार बढ़ाने के लिए कोई कदम उठाए जा रहे हैं ;

(ड़) यदि हां,तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या हैं ;

(च) क्या यह भी सच हैं कि दोनों देशों के बीच व्यापार बढ़ाने के लिए पर्यात परिवहन सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं;और

(छ) यदि हां,तो सरकार इस संबंध में क्या कदम उठाने का विचार रखती हैं ?

वाणिज्य मंत्रालय के राज्य मंत्री (**श्री पी.चिदम्बरम्**): (क) से (ड़) जी,हां । सरकार कजाकिस्तान के साथ एक सी.आई.एस.देश के रूप में भारत के व्यापार संवर्धन के लिए सतत आधार पर उपाय कर रही हैं । दोनों देशों के बीच व्यापार बढ़ाने की गुंजाइश हैं । सहयोग के क्षेत्र ये हैं-संयुक्त व्यापारिक उद्यमों,तीसरे देशों को निर्यात हेतु संयुक्त उद्यमों आदि सहित संयुक्त उद्यमों,परस्पर,पंजीनिवेश का संवर्धन, बुनियादी सुविधाओं के क्षेत्र में सहयोग का संवर्धन और प्रशिक्षण सुविधाओं का प्रावधान ।

भारत सरकार द्वारा द्विपक्षीय व्यापार बढ़ाने के लिए किए गए कुछ निश्चित उपाय नीचे दिए जा रहे हैं :-

1. कजाकिस्तान के साथ राजनयिक संबंध स्थापित करना।

2. व्यापार एंव आर्थिक सहयोग के संबंध में नया द्विपक्षीय ढांचा करार करना ।

3. वाणिज्यिक,आर्थिक एंव वैज्ञानिक और प्रौद्योगिकीय सहयोग बढ़ाने के लिए अन्तः सहकारी द्विपक्षीय संयुक्त-आयोगों का गठन ।

4. प्रतिव्यापार,खेप निर्यात बढ़ाना और भाण्डागारों की स्थापना।

5. संयुक्त उद्यमों का संवर्धन ।

6. भारत सरकार का 20 मिलियन अमरीकी डालर का ऋण देना । कजाकिस्तान को ऋण की दूसरी किश्त के लिए उदारीकृत ऋण शर्ते ।

7. कजाकिस्तान सहित सी.आई.एस.देशों के साथ भारतीय व्यापार के लिए और अधिक अर्थक्षम पारगमन मार्गो का पता लगाना और उनका विकास करना ।

8. द्विपक्षीय हवाई यातायात करार करना और सीधी उड़ाने आरंभ करना,एयरकार्गो यातायात का संवर्धन ।

9. अन्य बातों के अलावा,प्रतिनिधि कार्यालय खोलकर,आई.टी.पी.ओ.को प्रदर्शनियां आयोजित करने हेतु प्रोत्साहित करके सीधे